PNG Govt. P G College Ramnagar, Nainital-244715
Mobile- 9410937380 Email- principal_pngrmr@yahoo.co.in Website- www.gpgcramnagar.org

पुरातन छात्र परिषद (ALUMNI)

आख्या (सत्र 2021–22)

पी0 एन0 जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर (नैनीताल) की पुरातन छात्र परिषद समिति का गठन दिनांक 29 अक्टूबर, 2021 को किया गया, जिसके सदस्य निम्नवत रहे–

अध्यक्ष–प्रोफेसर(डॉ0)एम0 सी0 पांडे (प्राचार्य)
सचिव– डॉ0 किरन कुमार पंत
सदस्य– डॉ0 शिप्रा पंत

दिनांक 12 नवंबर 2021 को आहूत बैठकें पूर्व छात्र परिषद के सदस्य निम्नानुसार अग्रांकित पदों पर सर्व सहमति से नियुक्त हुए–

अध्यक्ष–श्री गणेश रावत
उपाध्यक्ष–श्री जितेंद्र सिंह बिष्ट
सचिव–श्री संजय रावत
सह–सचिव–श्री उधम सिंह राठौड़
सदस्य–श्री अमित रावत

पूर्व छात्र परिषद ने महाविद्यालय की सत्र 2021–22 प्रवेश प्रक्रिया के संदर्भ में संतोष व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के विकास के लिए पूर्ण मनोयोग से सहयोग और समर्थन देने का आश्वासन दिया। बैठक में विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित पेयजल की सुचारू व्यवस्था तथा शौचालयों की साफ–सफाई रखने की बात रखी गई, जिसके क्रम में शीघ्र ही इस समस्या का समाधान कर दिया गया। पूर्व छात्र परिषद अध्यक्ष श्री गणेश रावत जी ने विद्यार्थियों की संख्या के सापेक्ष प्राध्यापकों की संख्या बढ़वाने का प्रस्ताव रखा जिससे शिक्षक–विद्यार्थी अनुपात में सुधार आ सके। साथ ही, परिषद के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखना तथा टीचिंग–लर्निंग वातावरण में निरंतर सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया। परिषद ने नए रोजगारपरक विषयों को खुलवाने का प्रस्ताव भी रखा। पूर्व छात्र परिषद के सचिव डॉ0 किरन कुमार पंत ने परिषद के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनसे भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग प्राप्त करने की अपेक्षा व्यक्त की।

प्राचार्य
Principal
P.N.G. Govt. P.G. College
Ramnagar (Nainital)

सचिव
पुरातन छात्र परिषद